(Pages : 5)

ME 919

Sl. No.

SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2019

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला **15** मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।

Score

सूचना : **'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें, 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> "अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं। ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर?" गुठली बोली, "अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।" बुआ हँसके बोली, "अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है।"

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

बुआ की राय में लड़कियों के लिए...

(क) पिता का घर ही अपना घर है।

(ख) पति का घर ही अपना घर है।

(ग) भाई का घर ही अपना घर है।

(घ) बहन का घर ही अपना घर है।

2. 'तेरी' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

(क) तुम (ख) आप (ग) तू (घ) वह

3. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** तैयार करें। 4

P.T.O.

Score

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 का उत्तर लिखें।

> तीन बार शोट लेने का फायदा यह हुआ कि सवारों को दम निकल जाने का अभिनय नहीं करना पड़ेगा। जटायु की हालत तो ऐसी थी कि किसी तरह जान छूटे। तीसरी बार दृश्य सही तरह से फिल्मा लिया गया।

4. यहाँ 'दम निकल जाना' का मतलब है - 1

(क) थक जाना (ख) मर जाना

(ग) समय बीत जाना (घ) साँस निकल जाना

5. जटायु डर-डरकर ऊँट पर सवार करता है। उस दिन के अनुभवों को जटायु अपनी डायरी में लिखता है। जटायु की संभावित **डायरी** लिखें। 4

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 6 से 8 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
> धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
> चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
> कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।

6. 'आँखें चमक उठीं' का तात्पर्य है 1

(क) घर के सभी बीमार हो गए।

(ख) घर के सभी बेसहारे हो गए।

(ग) घर के सभी दुखी हो गए।

(घ) घर के सभी संतुष्ट हो गए।

7. 'घर भर की आँखें' - कवि के अनुसार यहाँ घर के सदस्य कौन-कौन हैं? 2

8. 'खेती नहीं तो खाना नहीं'- खेती के विकास की आवश्यकता का संदेश देते हुए **पोस्टर** बनाएँ। 4

अथवा

खाना जीवों की आधारभूत आवश्यकता है। खेती के महत्व पर **लघु-लेख** लिखें। *(लेख 80 शब्दों का हो)*

Score

सूचना : **'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> ठाकुर 'कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

9. गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी ले नहीं सकती थी। क्यों? 1

(क) ठाकुर के कुएँ का पानी गंदा था। (ख) ठाकुर के कुएँ में जानवर मरा पड़ा था।

(ग) गंगी निम्न जाति की मानी जाती थी। (घ) ठाकुर का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है।

10. **'जोखू'** के स्थान पर **'गंगी'** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

जोखू गंदा पानी पी रहा है।

गंगी गंदा पानी पी ....।

11. गंगी पानी लिए बिना घर आती है। तब जोखू मैला-गंदा पानी पी रहा था। इस प्रसंग पर गंगी और जोखू के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। *(बातचीत में पाँच विनिमय हों)* 4

अथवा

संकेतों की सहायता से गंगी की **चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी** लिखें। *(टिप्पणी 80 शब्दों की हो)*

- पति से प्यार रखनेवाली।
- रिवाज़ी पाबंदियों का विरोध करनेवाली।
- जातीय असमता के विरुद्ध सोचनेवाली।

सूचना : **'बीरबहूटी' का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया! दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।
> "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा।
> "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।
> "मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?"
> "मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक होस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

12. नमूने के अनुसार वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

बेला पाठशाला में पढ़ती है।	**बेला पाठशाला में पढ़ेगी।**
साहिल पाठशाला में पढ़ता है।	....

Score

13. बेला और साहिल अब फुलेरा के स्कूल में नहीं पढ़ सकते। क्यों? 1

14. मान लें, साहिल अजमेर से बेला के नाम पत्र लिखता है। संकेतों की सहायता से साहिल का संभावित **पत्र** लिखें। *(पत्र का कलेवर 70 शब्दों का हो)* 4

- नया स्कूल और नए दोस्त
- होस्टल का अकेलापन
- फुलेरा के स्कूल की यादें

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें, 15 से 17 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वो सुबह तक मुरझा न पाएँ। सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं।

15. फूलदेई का त्यौहार किस ऋतु में मनाया जाता है? 1

(क) शिशिर ऋत में (ख) बसंत ऋतु में (ग) वर्षा ऋतु में (घ) शरद ऋतु में

16. फूल न मुरझाएँ; इसके लिए बच्चे क्या करते हैं? 2

17. आशय का विस्तार करके वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2



Score

सूचना : **कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 18 और 19 का उत्तर लिखें।**

दिन के उजाले में मैं खाली बैठ रहा था। तभी मुझे एक चीख सुनाई दी। मैं फ़ौरन नीचे दौड़ा। मैंने देखा कि एक छोटी सी चिड़िया मेरी माँ के पास गिरी हुई थी। वह घायल थी। मेरे पिताजी ने उसका उपचार किया। वह धीरे-धीरे ठीक होने लगी। एक दिन वह उड़ गई। मैं बहुत खुश हुआ।

18. बच्चा क्यों फ़ौरन नीचे दौड़ा? 1

19. आशय समझकर सही मिलान करें। 4

खाली बैठते मुझे	उपचार किया
नीचे जाकर देखा कि	चिड़िया उड़ गई
पिताजी ने चिड़िया का	एक चीख सुनाई दी
ठीक होने के बाद	एक चिड़िया गिरी हुई थी

-oOo-